राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

संख्या–51/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राजभवन में गुजरात दिवस का आयोजन किया गया

पटना, 01 मई, 2025 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन, पटना के राजेन्द्र मंडप में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत गुजरात के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया तथा वहाँ के निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी एवं राज्य के प्रगति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं से भरा हुआ देश है जहाँ अनेक भाषा, बोली, संस्कृति और आस्था के लोग रहते हैं। इस विविधता की स्वीकार्यता और सम्मान भारतीय संस्कृति का विशिष्ट पहलू है।

राज्यपाल ने महात्मा गाँधी के मूल्यों और सिद्धांतों की चर्चा करते हुए कहा कि वे नेल्सन मंडेला सहित विश्व के अनेक लोगों के प्रेरणास्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य ने यदि पूरे भारत को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता का बोध कराया तो सरदार बल्लभ भाई पटेल ने अपनी बुद्धिमता और प्रजा का प्रयोग कर पूरे देश को राजनीतिक एकता के सूत्र में बाँधा।

राज्यपाल ने भारत में विविधता का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान महावीर का जन्म बिहार में हुआ, परन्तु गुजरात में इसका काफी प्रभाव है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के मूल में अनेकान्तवाद है जो विविधता का द्योतक है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारी संस्कृति का आवाहन है कि हम विविधता को स्वीकार करें। हम सामने से नजर आनेवाली विविधता का सम्मान करें, परन्तु इसके पीछे छिपी हुई एकात्मता को भी आत्मसात करें क्योंकि हम सब के भीतर आत्म तत्व के रूप में परमात्म तत्व विद्यमान है। यही भारतीय संस्कृति का श्रेष्ठतम आदर्श है।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में भारतमाता, महात्मा गाँधी एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि की। इस अवसर पर गुजराती संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में गुजरात के माननीय राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत के वीडियो संदेश का प्रसारण किया गया।

आगे पृष्ठ...2 पर

कार्यक्रम को पटना उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री विपुल एम० पंचोली, पथ निमार्ण विभाग के सचिव श्री बी० कार्तिकेय धनजी एवं गुजराती समाज, पटना के अध्यक्ष श्री रमेश भाई कामदार एवं अन्य लोगों ने संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार में पदस्थापित गुजरात के पदाधिकारीगण एवं उनके परिजन, बिहार में रहकर पढ़ाई करनेवाले गुजरात के छात्र–छात्राएँ, बिहार में रह रहे गुजरात के महानुभावगण एवं उनके परिजन, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....